प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 27 जनवरी, 2025 :-

(1) गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के उपलक्ष्य में आज माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति में राज भवन में 'बैंड डिस्प्ले' और 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, राज्य सरकार के मंत्रीगण, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा सदस्य श्री बाबूलाल मरांडी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, सांसदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित थे।

समारोह में 11वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स, प्रथम बटालियन जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, जैप-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची एवं विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची की टीमों द्वारा मनमोहक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल महोदय ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र

दिवस समारोह में झांकी, परेड एवं बैंड प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

उक्त अवसर पर माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रदर्शित झांकी, परेड एवं बैंड के विजेताओं के मध्य पुरस्कार का भी वितरण किया गया। विदित हो कि झांकी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को प्रथम, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा को द्वितीय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को द्वितीय, डी०ए०पी०(महिला) को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, जैप-(महिला बटालियन)10 को द्वितीय एवं सेना को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ।